प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 10.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति दीदी (महिला बीट एवं महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद में विभिन्न स्थानों पर संचालित कराये गये आउटरीच प्रोग्राम।

प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 10.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के समस्त थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर हेल्पलाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई एवं तत्काल थाना स्थानीय पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी







## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 10.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक- 10.06.2024

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 10.06.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी










प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 10.06.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना श्रीनगर की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डाफोड़ करते हुये 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, कब्जे से भारी मात्रा में अवैध तमंचा/कारतूस सहित शस्त्र बनाने के उपकरण/सामग्री बरामद।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं जनपद में अवैध शस्त्र/कारतूस की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 09.06.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना श्रीनगर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ढिकवाहा क्षेत्र में अवैध रुप से संचालित शस्त्र फैक्ट्री की सूचना पर दबिश दी गयी, दबिश के दौरान पुलिस टीम ने 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः1. सुरेश पाल पुत्र प्रीतम पाल उम्र 32 वर्ष 2. रमेश विश्वकर्मा पुत्र मईयादीन उम्र 56 वर्ष 3. रामनाथ यादव पुत्र सुखदीन यादव द्वारा अवैध शस्त्र की फैक्ट्री लगाकर असलहे का निर्माण किया जा रहा था जिनके कब्जे से 03 अदद देशी तमंचा निर्मितशुदा चालू हालत में 315 बोर व 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 एवं असलहा बनाने की भारी मात्रा में सामाग्री एवं उपकरण बरामद हुआ है तथा मौके से एक अभियुक्त रामनाथ पुत्र सुखदीन यादव भागने में सफल रहा। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध मु.अ.सं. 112/24 धारा 3/5/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया, बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण 1. सुरेश पाल पुत्र प्रीतम पाल उम्र 32 वर्ष 2. रमेश विश्वकर्मा पुत्र मईयादीन उम्र 56 वर्ष को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1. रमेश विश्वकर्मा पुत्र मईयादीन उम्र 56 वर्ष नि.ग्राम लरौंद थाना बिवांर जनपद हमीरपुर हाल पता मु0 विवेकनगर कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा
2. सुरेश पाल पुत्र प्रीतम पाल उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम ढिकवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा।
3. रामनाथ यादव पुत्र सुखदीन यादव नि.ग्राम ढिकवाहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा **(भागा हुआ)**

### बरामदगी विवरण-

- 03 अदद तमंचा 315 बोर
- 03 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण एवं सामाग्री बरामद।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अर्जुन सिंह थाना कोतवाली श्रीनगर जनपद महोबा
2. व0उ0नि0 कन्हैयालाल 3. उ0नि0 अर्जुन सिंह4. उ0नि0 विकाश धर दूबे 5. उ0नि0यूटी विशाल बाजपेयी
6. म0उ0नि0 यूटी नेहा विश्वकर्मा 7. कां0 शुभम यादव8. कां0 सूरज सोनकर 9. कां0 मुहम्मद इरफान 10. कां0 अजय सोनकर



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 10.06.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## थाना कबरई की पुलिस टीम ने
## दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन मे एंव अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी सदर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के क्रम में आज दिनांक 10.06.2024 को प्रभारी निरीक्षक थाना कबरई श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित टीम के उ0नि0 चन्द्रशेखर सिंह मय हमराह का0 लव कुमार के द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 152/24 धारा 363/366/376 भादवि व 6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अमन उर्फ लल्ली पुत्र शिववरन कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम रीवन थाना मौदहा जिला हमीरपुर को छंगा तिराहा कस्बा व थाना कबरई जनपद महोबा से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया, बाद गिरफ्तारी अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

अमन उर्फ लल्ली पुत्र शिववरन कुशवाहा उम्र करीब 21 वर्ष निवासी ग्राम रीवन थाना मौदहा हमीरपुर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –**

1. उ0नि0 चन्द्र शेखर सिंह
2. का0 लव कुमार

